राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com

पत्रांकः—आर0एम0पी0यू0/349/2025 दिनांकः—22 फरवरी 2025

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या
सम्बद्ध महाविद्यालय,
राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय,
अलीगढ़।

विषयः अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर प्रतियोगिताओं के आयोजन के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपर मुख्य सचिव, श्री राज्यपाल की अध्यक्षता में दिनांक 13.02.2025 को ऑनलाइन बैठक सम्पन्न हुई। उक्त बैठक के कार्यवृत्त में उल्लेख किया गया है कि **''अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस''** दिनांक 08 मार्च 2025 के अवसर पर समस्त विश्वविद्यालयों/संस्थानों को यह निर्देश दिये गए कि पूर्व में सम्पन्न हुई राष्ट्रीय एकता दिवस प्रतियोगिता/कार्यक्रम की भांति महिला दिवस के अवसर पर भी 6 समूह में निम्नलिखित दो प्रतियोगिताएँ समस्त विश्वविद्यालय/संस्थान के बीच महिला अध्ययन केन्द्र द्वारा सम्पन्न करायी जाएः—

(क) भाषण प्रतियोगिता जिसके विषय निम्नवत् होगें—

1. दहेज प्रथा उन्मूलन
2. बाल विवाह पर प्रतिबंध
3. विकसित भारत की संकल्पना
4. वृद्धाश्रम की जरुरत क्यों है?
5. कृषि क्षेत्र में महिलाओं का योगदान

(ख) नाट्य प्रस्तुति (नाट्य प्रस्तुति में 8 से 10 छात्र—छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया जा सकता है) जिसके विषय निम्नवत है—

1. अहिल्या बाई होलकर
2. द्रौपदी वस्त्रहरण
3. श्रवण कुमार की अपने माता—पिता के प्रति भक्ति
4. भगवान श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिया गया उपदेश
5. राम वनवास
6. भरत मिलाप

उपरोक्त 'क' एवं 'ख' में वर्णित विषयों में छात्र—छात्राएं किसी भी विषय का चयन कर सकते है। महाविद्यालय स्तर भाषण प्रतियोगिता एवं नाट्य प्रस्तुति में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों का विवरण विश्वविद्यालय द्वारा गठित कोर समिति को उपलब्ध कराना है।

प्रतिस्पर्धा के विभिन्न चक्र निम्नानुसार होगेः—

(क) प्रथम चक्र— विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों के स्तर पर प्रतिस्पर्धा आयोजित कर प्रथम व द्वितीय का चयन किया

जायेगा। इसके पश्चात् उन विजेताओं की विश्वविद्यालय स्तर पर प्रतिस्पर्धा आयोजित कर प्रथम व द्वितीय का चयन किया जायेगा।

ऐसे Stand alone विश्वविद्यालय (जिनके पास कोई सम्बद्ध महाविद्यालय नहीं हैं) के स्तर पर प्रत्येक प्रतिस्पर्धा के विजेता को चिन्हांकित किया जायेगा।

(ख) द्वितीय चक्र– 06 विश्वविद्यालयों के समूह में प्रत्येक विश्वविद्यालय द्वारा प्रत्येक प्रतिस्पर्धा में चिन्हित विजेताओं (प्रथम व द्वितीय) के मध्य प्रतिस्पर्धा होगी। 06 विश्वविद्यालय समूह में की जाने वाली प्रतिस्पर्धा में भाषण प्रतिस्पर्धा में प्रत्येक समूह में 02 विजेता (प्रथम व द्वितीय) घोषित किये जायेंगें तथा नाट्य प्रतिस्पर्धा में 02 टीम (प्रत्येक टीम में अधिकतम 10 प्रतिभागी हो सकते हैं) विजेता (प्रथम व द्वितीय) घोषित की जायेंगी।

(ग) तृतीय चक्र– उत्तर प्रदेश राजभवन में प्रदेश स्तरीय प्रतिस्पर्धा आयोजित की जायेगी। विजेता छात्रों/टीम के मध्य राजभवन में इन प्रतिस्पर्धाओं (जैसा उक्त प्रस्तर–ख में अंकित है) को दिनांक 08.03.2025 को आयोजित किया जायेगा, जिसकी अध्यक्षता मा0 कुलाधिपति महोदया द्वारा की जायेगी।

अतः उक्तानुसार प्रतियोगिताऐं सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें। उक्त प्रतियोगिताओं का विश्वविद्यालय स्तर पर संचालन हेतु मा0 कुलपति जी द्वारा कोर समिति का गठन किया गया है। महाविद्यालय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिताओं का आयोजन दिनांक 28 फरवरी 2025 तक अनिवार्य रुप से सम्पन्न कराकर प्रत्येक प्रतिस्पर्धा के प्रथम व द्वितीय विजेताओं के नाम विश्वविद्यालय के ई–मेल wscrmpsu@gmail.com पर निर्धारित तिथि तक प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

भवदीय

24.02.25

(वी0के0 सिंह)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु–

1. निजी सचिव, मा0 कुलपति, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. प्रो0 इन्दु वार्ष्णेय, समन्वयक, महिला अध्ययन केन्द्र/संयोजक कोर समिति, राजा महेन्द्र प्रताप सिह विश्वविद्यालय, अलीगढ़ इस आशय के साथ प्रेषित कि महाविद्यालयों से समन्वय स्थापित करते हुए प्रतियोगिताओं को आयोजित कराने का कष्ट करें।
3. प्रभारी वेबसाइट को इस निर्देश के साथ कि पत्र को वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
4. गार्ड फाइल।

कुलसचिव